वर्ष- 3 , अंक- 50

छपरा

9 जनवरी शुक्रवार 2026

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## तेलंगाना में कार डिवाइडर से टकराई, 4 छात्रों की मौत



तेलंगाना,एजेंसी। तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले के चेवेल्ला इलाके में बधुवार देर रात एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में ICFAI बिजनस स्कूल के चार छात्रों की मौत हो गई। हादसे में एक छात्रा घायल है। इसकी हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक कार डिवाइडर से टकराने के बाद पेड़ में घुस गई। पुलिस ने बताया का हादसा रात करीब 1:30 बजे मोकीला थाना क्षेत्र में हुआ। सभी छात्र दोस्त की जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे थे। स्पीड ज्यादा तेज होने के कारण ड्राइवर ने कार से कंट्रोल खो दिया।

## 7 राज्यों के 11 कोर्ट कॉम्पलैक्स को उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 10 कोर्ट परिसर को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद कोर्ट परिसर खाली करा लिए गए हैं। पुलिस की टीमें और डॉग स्क्वाड जांच कर रही है। सभी जगह दहशत का माहौल है। सभी जगह धमकी ई मेल के जरिए मिली है। पंजाब के फिरोजपुर, मोगा, रोपड़ जिला अदालत को भी थ्रेट कॉल आई है। वहीं, हिमाचल हाईकोर्ट को भी धमकी मिली है। इससे वहां दहशत का माहौल है। पंजाब पुलिस के सूत्रों के मुताबिक जिला एवं सेशन जज की मेल पर यह धमकी आई है। जिसके बाद कोर्ट कॉम्पलैक्स को खाली कराया जा रहा है। हालांकि यह मेल कहां से आई और किसने भेजी व इसमें क्या लिखा है, इसके बारे में कोई अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। हालांकि एहतियात के मद्देनजर पार्किंग को भी खाली कराया जा रहा है। मौके पर पुलिस बल तैनात है। पुलिस की कई टीमें कोर्ट परिसर की जांच कर रही हैं। इससे पहले अमृतसर, जालंधर और पटियाला के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।

## फिरोजपुर में परिवार की हत्या कर सुसाइड किया



**फिरोजपुर,एजेंसी।** पंजाब के फिरोजपुर में फाइनेंसर और सैलून मालिक अमनदीप सिंह ने 2 बेटियों और पत्नी को गोली मारकर खुद भी सुसाइड कर लिया। पुलिस के मुताबिक, सुबह जब सफाई करने वाली घर आई और उसने दरवाजा खटखटाया तो किसी ने दरवाजा नहीं खोला। सफाई वाली ने घर के ऊपर रहने वाले किराएदार को फोन कर पूछा। तब उसने किराएदारों के कहने पर घर के मालिक को फोन किया। फिर भी घर के अंदर फोन बजता रहा, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया और न ही किसी ने दरवाजा खोला।
इससे उन्हें शक हुआ कि कहीं उन्हें गैस तो नहीं चढ़ गई। मगर, जब वे नीचे आए और दरवाजा तोड़ा तो पता चला कि सबकी मौत हो चुकी है। एक बेटी 10 और दूसरी 6 साल की थी। पुलिस ने मौके से पिस्टल भी बरामद कर लिया है। स्स्क भूपिंदर सिंह ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे का निधन

### स्कीइंग के दौरान घायल हुए थे अग्निवेश; कमाई का 75 प्रतिशत हिस्सा दान करेंगे अनिल



**पटना,एजेंसी।** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश अग्रवाल का 49 साल की उम्र में निधन हो गया है। अग्निवेश अमेरिका में स्कीइंग के दौरान घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए न्यूयॉर्क के माउंट सिनाई अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

7 जनवरी 2026 को अस्पताल में ही उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया। पिता अनिल अग्रवाल ने रात करीब 10 बजे सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। अनिल ने लिखा, हमें लगा था कि बुरा वक्त बीत चुका है, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

उन्होंने अपने बेटे को याद करते हुए इसे जीवन का सबसे अंधकारमय दिन बताया। वे बेटे से किए वादे को निभाते हुए अपनी निजी कमाई का 75प्रतिशत हिस्सा दान करेंगे।

**पीएम मोदी बोले- ये झकझोर देने वाला, परिवार को हिम्मत मिले :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनिल अग्रवाल के पोस्ट रिप्लाई करते हुए X पर लिखा अग्निवेश अग्रवाल का अचानक चले जाना बहुत झकझोर देने वाला और दुखद है। आपके इस भावुक संदेश से आपके गम की गहराई साफ दिख रही है। दुआ है कि आप और आपका परिवार लगातार हिम्मत और ताकत पाएं। ओम शांति।

**अग्निवेश का पटना में जन्म, श्री सीमेंट परिवार में शादी हुई थी :** अग्निवेश अग्रवाल का जन्म 3 जून 1976 को पटना में हुआ था। उनकी शुरुआती पढ़ाई अजमेर के मेयो कॉलेज से हुई थी। अग्निवेश अग्रवाल की शादी की जानकारी सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं है, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी शादी 2001 में पूजा बांगर से हुई थी। पूजा, श्री सीमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर हरि मोहन बांगर की बेटी हैं।

उनकी बहन प्रिया अग्रवाल हेब्बर हैं, जो अभी हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन और वेदांता में नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

# सुप्रीम कोर्ट बोला: कुत्ते इंसानी डर पहचानते हैं, इसलिए काटते हैं

### वकील बोले: देश में सिर्फ 5 सरकारी शेल्टर, हमें इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत





**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों पर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन ढाई घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने कुत्तों के बिहेवियर को लेकर चर्चा की। जस्टिस नाथ ने कहा कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं इसलिए काटते हैं। इस पर एक वकील (कुत्तों के फेवर वाले) ने इनकार किया। फिर जस्टिस ने जवाब दिया कि, अपना सिर मत हिलाइए, ये बात मैं पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं।

उधर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं। उनमें से किसी ने यह नहीं बताया कि नगर पालिकाओं की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। देश में सिर्फ 5 सरकारी शेल्टर हैं। इनमें से हर एक में 100 कुत्ते रह सकते हैं। हमे इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है।

इससे पहले सुनवाई के दौरान एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कुत्ते हटाने से चूहों की आबादी बढ़ेगी। इस पर कोर्ट ने मजाकिया अंदाज में कहा- तो क्या बिल्लियां ले आएं?

इस मामले पर पिछले 7 महीनों में छह बार सुनवाई हो चुकी है। पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया था। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि इन जानवरों को तय शेल्टर में ट्रांसफर किया जाए।

#### वकील का सुझाव- कुत्तों की माइक्रो-चिपिंग शुरू की जाए

एडवोकेट नकुल दीवान ने सुप्रीम कोर्ट को ट्रैप, न्यूटर और रिलीज मॉडल का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कुत्तों के स्वभाव को देखते हुए यह जरूरी है कि उन्हें उसी जगह वापस छोड़ा जाए, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। दीवान ने यह भी कहा कि बेंगलुरु में कुत्तों की माइक्रो-चिपिंग शुरू हो गई है और यह महंगा नहीं है।

- याचिकाकर्ता के एक वकील ने कहा हर पालतू कुत्ते का मालिक होता है। जबकि आवारा कुत्ते का कोई मालिक नहीं होता। न ही यह राज्य की जिम्मेदारी है। हालांकि राज्य का काम वैक्सीनेशन वगैरह देना है। ABC नियम ऐसे होने चाहिए कि मेरे घर तक का रास्ता सुरक्षित रहे।
- वकील (कुत्तों को हटाने के पक्ष में) ने कहा कि अदालत का आदेश सिर्फ संस्थानों तक सीमित नहीं होना चाहिए। बल्कि उसे रिहायशी इलाकों पर भी लागू किया जाना चाहिए। कुत्ते को समझाना (काउंसलिंग) संभव नहीं है, लेकिन कुत्ते की देखभाल करने वाले या मालिक को समझाया जा सकता है।
- हर डॉग लवर और एनजीओ को याचिका लगाने में एक तय राशि जमा करनी होती है। इस शर्त को हटाया जाए। इस पर कोर्ट ने हल्के अंदाज में जवाब दिया- अगर हमने यह शर्त नहीं रखी होती, तो यहां पंडाल लगाना पड़ता।
- कुत्तों की मॉनिटरिंग के लिए पहले उनकी गिनती जरूरी है जो आखिरी बार 2009 में हुई थी। सिर्फ दिल्ली में 5,60,000 कुत्ते थे। सेंटर्स की हाउसिंग कैपेसिटी के हिसाब से ही तय संख्या में जानवरों को पकड़ा जाना चाहिए। कैपेसिटी है ही नहीं, तो आप उन्हें कहां रखेंगे?
- एक वकील (कुत्तों को न हटाने के फेवर में) ने कहा- दिल्ली में चूहे और बंदरों का भी खतरा है। अगर कुत्तों को अचानक हटा दिया जाएगा तो चूहों की आबादी बढ़ जाएगी। वे बीमारी फैलाने वाले होते हैं। कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं।
- इस पर जस्टिस मेहता ने कहा- यह कैसा संबंध हैं? ऐसे तो कुत्ते और बिल्लियां आपस में दुश्मन होते हैं। तो हमें और बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए। हमने हर कुत्ते को सड़क से हटाने का निर्देश नहीं दिया है। उनके साथ नियमों के अनुसार व्यवहार किया जाना चाहिए।

### टीएमसी आईटी सेल इंचार्ज के घर-ऑफिस पर ईडी के छापे

# कार्रवाई के बीच ममता फाइल उठाकर निकलीं कहा- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे



**कोलकाता,एजेंसी।** इन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) ने गुरुवार को कोलकाता में पॉलिटिकल कंसलटेंट फर्म द्ध-क्क्ष्ट के ऑफिस और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की। प्रतीक जैन ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की जा रही है।

सीएम ममता बनर्जी को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, वे प्रतीक जैन के घर पर पहुंच गईं। उन्होंने कहा, क्या ईडी और अमित शाह का काम पार्टी की हार्ड डिस्क और उम्मीदवारों की सूची जब्त करना है? यह एक घटिया और शरारती गृह मंत्री है, जो देश की सुरक्षा नहीं कर पा रहा है।

सीएम ने कहा कि मेरी पार्टी के सभी दस्तावेज उठा ले जाया जा रहा है। एक तरफ वे पश्चिम बंगाल में SIR के जरिए मतदाताओं के नाम हटाने का काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।

ED ने कहा- छापेमारी अवैध कोयला तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ED ने कहा कि कोलकाता में I-PAC कार्यालय पर छापे पूरी तरह सबूतों के आधार पर किए जा रहे हैं। यह किसी राजनीतिक दल या चुनाव से जुड़ा मामला नहीं है। यह कार्रवाई अवैध कोयला तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में हो रही है। फिलहाल 10 ठिकानों पर तलाशी जारी है। 6 पश्चिम बंगाल और 4 दिल्ली में। एजेंसी ने बताया कि जांच में कैश जनरेशन, हवाला ट्रांसफर से जुड़े परिसर शामिल हैं। किसी भी पार्टी कार्यालय की तलाशी नहीं ली गई। कुछ संवैधानिक पदों पर बैठे लोग दो ठिकानों पर पहुंचे, अवैध दखल दिया और दस्तावेज छीन लिए। ममता खाली हाथ आईं, घर से बाहर निकलीं तो हाथ में फाइल थी छापेमारी के दौरान प्रतीक जैन अपने घर पर ही मौजूद थे। यह कार्रवाई सुबह से जारी थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा।

### ममता बनर्जी सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री : तापस राय

**कोलकाता,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष और पश्चिम बंगाल सरकार में पूर्व मंत्री रहे तापस राय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2026 में बंगाल की जनता हर हाल में ममता बनर्जी की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। एक विशेष साक्षात्कार में तापस राय ने ममता बनर्जी को देश की सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार देते हुए कहा कि मैं उनके (ममता बनर्जी) मंत्रिमंडल में सहयोगी रहा हूं और पार्टी के पुराने दौर में उनके साथ काम किया है। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि वह किस तरह नाटक, झूठ और नफरत की राजनीति करती हैं। हिंदू धर्म से नफरत करती हैं ममता : तापस रायतापस राय ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी हिंदू धर्म और हिंदुओं से नफरत करती हैं, इसी कारण वह अल्पसंख्यक सम्मेलनों में जाकर हिंदू धर्म का अपमान करती हैं। उन्होंने हाल ही में गंगासागर में सेतु के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कृष्ण परमहंस द्वारा गीता लिखे जाने के दावे को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आजकल हिंदुओं को लुभाने के लिए हिंदुत्व की बातें करने लगी हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि उनका हिंदू धर्म से कभी कोई संबंध नहीं रहा। न उन्हें धर्म का ज्ञान है, न इतिहास की समझ।

## सड़क दुर्घटना में मृत भिखारी के कंटेनर से मिला 45 लाख रुपये नकदी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केरल के अलाप्पुझा में सड़क दुर्घटना में एक भिखारी की मौत हो गई। इसके बाद जब भिखारी के सामानों की जांच की गई तब एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ और भिखारी के कंटेनर को खोलकर देखा गया तो मौजूद अधिकारी भी दंग रह गए। दरअसल, अलाप्पुझा के चारुम्मूट और आसपास के इलाके में एक भिखारी काफी समय से भीख मांगने का काम कर रहा था। सोमवार रात भिखारी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

#### अदालत को सौंपे जाएंगे पैसे

पुलिस ने बताया कि नकदी प्लास्टिक के डिब्बों में रखी गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, किशोर प्रतिदिन भीख मांगता था और खाने-पीने के खर्च के लिए पैसे मांगता था। किसी को भी यह अंदाजा नहीं था कि वह इतनी बड़ी रकम अपने साथ ले जा रहा है। पंचायत सदस्य उम्मान ने कहा कि सभी लोग पैसों को देखकर स्तब्ध थे। पुलिस ने कहा कि चाहे किशोर के परिवार का कोई सदस्य दावा करने के लिए आगे आए या न आए, नकदी अदालत को सौंप दी जाएगी।

## भारत पर 500प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

- **रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को ट्रम्प की मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में वोटिंग**



**वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500% तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है।

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी। यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था।

## जेएनयू में मोदी-शाह के खिलाफ नारा, एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार रात दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (JNU) में साबरमती हॉस्टल के बाहर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगे विवादित नारे के मामले में एफआईआर दर्ज की। शिकायत JNU के मुख्य सुरक्षा अधिकारी (CSO) ने दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौके पर 30-35 छात्र मौजूद थे। शुरुआत में कार्यक्रम शांतिपूर्ण था, लेकिन उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं मिलने पर भड़काऊ नारे लगाए गए। दो 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में आरोपी हैं। CSO ने कुछ छात्रों की पहचान भी की है। दरअसल, 6 जनवरी को 35 सेकेंड का वीडियो वायरल हुआ। दावा किया गया कि JNU के छात्रों ने 5 जनवरी की रात मोदी-शाह की कब्र खुदेगी, जेएनयू की धरती पर के नारे लगाए थे। JNU प्रबंधन ने भी मामले में FIR की मांग की थी।

## अंबरनाथ में कांग्रेस के 12 सस्पेंड पार्षद भाजपा में शामिल



- **महाराष्ट्र निकाय चुनाव के बाद बीजेपी से गठबंधन किया था; अंबरनाथ विकास अघाड़ी बनाया था**

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र में दिसंबर में हुए निकाय चुनाव के दौरान अंबरनाथ नगर परिषद सीट पर बहुमत के लिए कांग्रेस के 12 पार्षदों ने बीजेपी-एनसीपी से गठबंधन किया था। जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस ने बुधवार को सभी को सस्पेंड कर दिया था। सभी सस्पेंड पार्षद बीजेपी में शामिल हो गए हैं।

महाराष्ट्र भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने बुधवार देर रात BJP कार्यालय में इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा- लोगों ने इन पार्षदों को चुना था और उन्होंने नागरिकों से विकास का वादा किया था। वे हमारे साथ इसलिए आए हैं क्योंकि सरकार गतिशील तरीके से काम कर रही है और लोगों को न्याय और विकास देने में सक्षम है। 20 दिसंबर को हुए स्थानीय चुनावों के बाद, BJP ने कांग्रेस के साथ अंबरनाथ विकास अघाड़ी (AVA) बनाया था। इसमें अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) भी शामिल है।

# भारत की पहली डिजिटल जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक, अधिसूचना जारी

### 30 लाख कर्मी करेंगे डेटा संग्रह



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनगणना 2027 के पहले चरण की समयसीमा औपचारिक रूप से अधिसूचित कर दी है। इस चरण में घरों और आवासों की सूचीकरण (हाउसलिस्टिंग ऑपरेशंस) का कार्य शामिल होगा, जो 1 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 के बीच प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा निर्धारित 30 दिनों की अवधि में पूरा किया जाएगा।

अधिसूचना में स्व-गणना का विकल्प भी जोड़ा गया है, जो घर-घर सूचीकरण शुरू होने से ठीक 15 दिन पहले उपलब्ध होगा। इससे नागरिक ऐप या पोर्टल के माध्यम से खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। यह जनगणना कोविड महामारी के कारण स्थगित 2021 की जनगणना के बाद आयोजित की जा रही है और दो चरणों में पूरी होगी। पहला चरण घरों की सूचीकरण और आवास स्थिति का होगा, जबकि दूसरा चरण जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में होगा। संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 की आधी रात रखी गई है (हिमाच्छादित क्षेत्रों को छोड़कर, जहां यह सितंबर 2026 में होगी)।

**पहली बार पूरी जनगणना डिजिटल होगी :** पहली बार पूरी जनगणना डिजिटल होगी। डेटा संग्रह मोबाइल ऐप (एंड्रॉइड और आईओएस दोनों पर) से होगा और जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (सीएमएमएस) पोर्टल से रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। लगभग 30 लाख जमीनी कर्मचारी (मुख्य रूप से सरकारी शिक्षक) इसमें शामिल होंगे।

पिछले साल कैबिनेट ने 11,718 करोड़ रुपये की लागत से जनगणना कराने को मंजूरी दी थी। जनसंख्या गणना चरण में जाति संबंधी जानकारी भी शामिल की जाएगी, जो स्वतंत्र भारत की जनगणना में पहली बार होगा।

सरकार ने जोर दिया है कि डेटा प्रसार उपयोगकर्ता-अनुकूल होगा और जनगणना-आधारित सेवा (CaaS) के जरिए मंत्रालयों को मशीन-पठनीय डेटा उपलब्ध कराया जाएगा। यह विश्व का सबसे बड़ा प्रशासनिक अभ्यास होगा, जो नीति-निर्माण और विकास योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेगा।

## बढ़ते ठंड को लेकर 10 जनवरी तक वर्ग 10 वीं तक स्कूल रहेंगे बंद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण जिले में कड़ाके की ठंड के मद्देनज़र स्कूलों में पठन-पाठन पर अस्थायी रूप से वर्ग 10 तक रोक लगा दी गयी है। वर्तमान में जारी शीतलहर को देखते हुए जिला दंडाधिकारी, सारण वैभव श्रीवास्तव के द्वारा जिले के सभी विद्यालयों (आंगनबाड़ी केंद्रों सहित) में कक्षा 10 वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर दिनांक 10.01.2026 तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। कक्षा 10 वीं से ऊपर की कक्षाएं अब सुबह 10:00 बजे से शाम 04:30 बजे तक ही संचालित की जाएंगी।

## सोनपुर पुलिस ने परमानंदपुर दियरा क्षेत्र में छापामारी कर 9 देसी शराब भट्टी को किया ध्वस्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने शराबबंदी को सफल बनाने के लिए परमानंदपुर के दियारा क्षेत्र में शराब भट्टी को ध्वस्त किया एवं अर्ध्य निर्मित शराब को विनिस्ट किया है। इस बात के जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने गुरुवार को बताया कि परमानपुर के दियरा क्षेत्र में 9 देशी शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया है वह मौके पर 9000 अर्ध निर्मित देसी शराब को विनिस्ट किया गया है। इस छापामारी में शराब कारोबारी या उसमें कार्य मजदूर पुलिस के देखते ही भागने में सफल रहा. सभी शराब भट्टी के संचालक को चिन्हित किया जा रहा है। यह छापामारी अनवर चलती रहेगी।

## कल्याणपुर जमुनी में छड़ सीमेंट की दुकान में लाखों रूपये के छड़ व अन्य समान की हुई चोरी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्याणपुर पंचायत के बैजलपुर जमुनी के दरिहरा रोड में न्यू गणपति सीमेंट छड़ की दुकान में बीते रात चोरो ने ट्रक सड़क मार्ग पर लगाकर 10 क्विंटल छड़,टीवी सहित अन्य सामान चोरी कर घटना का अंजाम दिया है। इस घटना की जानकारी दुकानदार गणेश सिंह को तब मिली जब दुकान में कार्यरत कर्मी जब दुकान खोलने के लिए सुबह में पहुंचा तो देखा की दुकान के दो ताला टूटा हुआ है और उसमें रखे छड़, टीवी, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य समान गायब है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित गणेश सिंह ने हाजीपुर से अपने दुकान पर गुरुवार को पहुंचा जहां इस घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई. इस घटना की जानकारी पुलिस को दी जहां पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर चोरी की घटना के तहकीकात में जुट गई है वहीं पीड़ित गणेश सिंह ने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर 10 -12 क्विंटल छड़, टीवी, हीटर, गैलन में रखे तेल,सीसीटीवी कैमरा के समान को चुरा कर फरार हो गया है।यह घटना रात्रि को कब हुई यह तो किसी को पता नहीं है लेकिन दुकनदार ने बताया कि चोर की इतनी हिम्मत कैसे हुई कि वह सड़क मार्ग पर ट्रक को रखकर और दुकान के 2 ताला तोड़ते हुए ट्रक पर छड़ लादने में करीब तीन घंटा लगा होगा और इस घटना में पुलिस की गाड़ी एक बार भी इस रास्ते से नहीं गुजरी या आसपास के लोगों की नींद नहीं टूटी. ग्रामीणों ने कहा कि रात्रि में तीन से चार घंटे बिजली गुल रही. इस ठंड के मौसम में इतनी बड़ी घटना हो गई है।इस घटना में पीड़ित के करीब सात लाख रुपए की क्षति बताई है। पुलिस कानूनी प्रक्रिया के तहत इस घटना की तहकीकात में जुट गई है। गांव के सरपंच भारत सिंह, प्रकाश कुमार ने कहा कि विगत दो माह में ठंड के मौसम में मेरे पंचायत में 6 घटनाएं चोरी की हुई लेकिन पुलिस किस तरह से कार्य कर रहे हैं कि अब तक एक भी चोर पकड़े नहीं गए और यह सबसे बड़ी घटना हुई कि चोरों एवं उसके सहयोग कर्मियों की इतनी हिम्मत कहां से हो गई ट्रक दुकान के पास खड़े कर और तीन-चार घंटे तक छड़ को उठाकर ट्रक पर लाद कर एवं अन्य सामान को चोरी करके घटना का अंजाम दिया है. ऐसे में स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन इस घटना की तहकीकात करते हुए सभी घटनाओं में घटित चोरों को पकड़ने की मांग की है। इस घटना के संबंध में थाना अध्यक्ष ने बताया कि 10 क्विंटल छड़ चोर ने चुरा लिया है पीड़ित के आवेदन के आलोक में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बिजली चोरी के आरोप 3 उपभोक्ताओं पर जुर्माना, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में सहायक विद्युत अभियंता शंभू कुमार के निर्देश में विधुत विभाग के कर्मी कुमार तेजस्वी, राम बच्चन कुमार, टुना कुमार, ओमप्रकाश कुमार व मानव बल द्वारा चोरी से बिजली जलाने के लेकर छापेमारी की गई। कुछ बात की जानकारी देते हुए कनीय विधुत अभियंता सूरज कुमार ने गुरुवार को बताया कि विभिन्न गांव में छापामारी के दौरान तीन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़े गए हैं जिसमें फूलमती देवी पति संथू हाजरा घर दरियापुर नहर ने बकाया राशि ? 7241 /-रहने के कारण विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई थी लेकिन इन्होंने क़ानून के उल्लंघन करते हुए बिना बकाया राशि जमा किए चोरी से विद्युत का उपयोग करते छापामारी के दौरान रंगे हाथों पकड़े गए.इनके ऊपर विभाग ने कुल ?16486/- रुपया का भुगतान करने के लिए नाम जद प्राथमिक की दर्ज की है.वही थाना क्षेत्र के शाहपुर छितरचक के जय मंगल राय के पुत्र भूषण प्रसाद राय के आवासीय परिसर में छापामारी के दौरान देखा गया कि एलटी पोल से डीबी बॉक्स से तार जोड़कर अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते रंगे हाथ पकड़े गए. इससे विभाग को ?9245 /-की क्षति हुई है.इनके ऊपर प्राथमिक की दर्ज की गई है। तीसरा व्यक्ति देवेंद्र राय पिता स्वर्गीय रामजतन राय गंगाजल के बबुरवानी ने बकाया राशि ? 21637 /-रुपया के रखने के कारण विभाग ने विद्युत विच्छेद कर दिया था. इन्होने बिना पैसा भुगतान किए हुए चोरी से विद्युत का उपयोग कर रहा था. जो छापामारी के दौरान रंगे हाथ पकड़े गए.जिससे विभाग को ? 17745 /-रुपया की क्षति हुई उनके ऊपर कुल ? 39382/ रुपए की वसूली करने के लिए प्राथमिक की दर्ज सोनपुर थाने में की गई है। कुल तीन लोगो के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई। कनीय विद्युत अभियंता सुरज कुमार ने गुरुवार को बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। अभियंता ने लोगों से अपील की कि वे बिजली चोरी से बचें और समय पर बिजली बिल का भुगतान करें। चोरी रोकने के लिए प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है और ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इस छापेमारी से यह संदेश गया कि बिजली चोरी करने वालों पर प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा।

## दरियापुर में पुलिस का जनसंवाद, डीआईजी सह एसएसपी ने सुनीं आम लोगों की समस्याएं

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** पुलिस मुख्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में गुरुवार 8 जनवरी 2026 को दरियापुर थाना क्षेत्र में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डीआईजी सह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सारण के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। जनसंवाद के दौरान उपस्थित नागरिकों ने भूमि विवाद, आपसी झगड़े, पारिवारिक विवाद, विधि-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं सहित अन्य स्थानीय मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा। डीआईजी सह एसएसपी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और संवाद को मजबूत करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। लोगों से अपील की गई कि किसी भी समस्या की स्थिति में भयमुक्त होकर पुलिस से संपर्क करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, दरियापुर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। जनसंवाद में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखी गई। कार्यक्रम के अंत में पुलिस प्रशासन ने दोहराया कि ÷सारण पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।




# सोनपुर : चौरसिया समाज के लोगों की मुख्य धंधा पान की खेती अब विलुप्त के कगार पर

संजीत कुमार।

**दैनिक खोज खबर/सोनपर।** पान की उत्पत्ति भारत में वैदिक काल में शुरू हुई है.भारत में 2000 ईसा पूर्व से पान का प्रचलन चलती आ रही है. यह औषधीय और धार्मिक दोनों में पान के पत्ते काम में आते है. पान के साथ कथा,चूना, इलायची,लौंग सहित पान स्वादिष्ट के लिए मसाले का प्रयोग होता है जो बड़े ही चाव से लोग पान खाते हैं। पान समय के साथ यह सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक बन गया। आज भी पान त्योहार, शादी और शुभ कार्य का प्रतीक है।

सोनपुर प्रखंड के 23 पंचायत के करीब एक दर्जनों गाँव में पहले पान की खेती होती थी लेकिन अब पान उत्पादन पर ग्रहण लग गया है। इस क्षेत्र में चौरसीया जाति के लोगों का मुख्य धंधा पान का खेती हुआ करता था। सैकड़ों परिवार इस धंधे से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनाये रखते थे। लेकिन अब वह बात नहीं रह गयी है। पान का खेती करने वाले भरपुरा के 96 वर्षीय यदुनंदन भगत ने बताया कि पहले लोग पान खाने के शौकीन हुआ करते थे. अच्छे-अच्छे घराने के लोग या शौकीन लोग पान खाते थे. शादी विवाह व पूजा पाठ में भी पान का प्रचलन होता है लेकिन वर्तमान समय में लोग गुटका, दारू, शराब, चरस, गांजा, हफीम जैसे हानिकारक पदार्थ का सेवन कर सेहत खराब कर रहे है. अब तो पान की खेती किसी गांव में एक दो घर ही के लोग कर रहे हैं. करीब करीब अधिकांश लोग पान की खेती करना बंद कर दिये है। उन्होंने यह भी बताया कि चौरसिया समाज के लोगो का पान की खेती करना इनका मुख्य धंधा था। पान न फलता है, न फुलाता है इसलिए इसे शुभ माना जाता है. शादी विवाह या किसी प्रकार का शुभ कार्य परोसन में इसकी आवश्यकता पडती है। उन्होंने बताया कि 200 पते का एक ढोली 50 पान के एक पचासा, 7 ढोली के एक कनवा कहते है, 14 ढोली आधा पौआ,28 ढोली के एक पौआ,112 ढोली पान एक लेसो कहते है। पान की खेती स्थल पर कभी सांप या अन्य विशैली जानवर प्रवेश नहीं करते हैं. क्योंकि बाबा सोखा शंभूनाथ की पूजा होती है. पहले पान के खेती विधा में होती



थी। यहां के उत्पादित पान बनारस, छपरा, सीवान, बहराईच, मन्दपारा, पटना, गया, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सहित अन्य स्थानों पर जाता था। पहले घर के सदस्य सभी पान की खेती में कड़ी मेहनत कर उसे एक दिन बीच कर पान को तोड़कर उसे घर पर लाकर उस पान के पत्ते क़ो अलग -अलग तरिके से पान को सजाकर फिर बोझा बांध कर माथे पर लादकर बाजार तक पहुंचाता था। व्यापारी जैसा पान वैसा पान के दाम लगाकर उसे खरीदता था. यदुनंदन भगत ने यह भी बताया कि पान उत्पादन करना भी एक कला है.बांस का मचान बनाकर उस पर पान का लतर इकड़ी के द्वारा चढ़ाया जाता है. एक कट्ठा में पांच आंतरा बोआई होता था इसके पटावन के लिए वैशाली जिले के हाजीपुर जढ़ूआ से मिट्टी का वर्तन लाया जाता था.बगल में गडा बनाकर उसमें पानी भकर रखते थे फिर उसी पानी क़ो बड़ा सा लोटी से कन्धा पर रख कर पान के अतरा में धुम धुम कर पटाया जाता था। जाड़े के दिन में लतर में बीमारी पकड़ने पर पलानुफिक्स नामक दवा का छिड़काव किया जाता था. के पान किसान जगदीश भगत, रामदेव भगत,हसनपुर के पान किसान उदित भगत, जगदीश भगत, राजनारायण भगत, रामसुरत भगत, शिव भगत, त्रिलोकी भगत सहित अन्य सैकड़ो किसानो ने अब पान की खेती करना बंद कर दिये है. कहते है इस खेती से पेट नहीं भर सकता.चौरसिया समाज के बच्चे लोगों को कमाने के लिए बाहर भेज दिए कुछ लोग अलग अलग रोजी रोजगार करना शुरू कर दिया है। चौसिया के रामस्वरूप भगत, वसावन भगत, रत्न भगत अभी भी पान की खेती करते है चुकि इनके लिए दूसरा कोई आय का साधन नजर नहीं आ रहा है ये सभी भरपुरा चौसिया के पान किसान है जो अपनी परम्परा से चली आ रही धंधा को नहीं छोड़ना चाहते है। बताया जाता है कि सरकार को ओर से पान को खेती करने वाले किसानों के प्रति सरकार को कोई सार्थक सोंच नहीं है परिणाम स्वरूप ये किसान मायूसी की जिन्दगी जी रहे है। चौरसिया समाज के मंत्री विधायक सांसद बड़े-बड़े लोग हैं लेकिन इन चौरसिया समाज को पान की खेती के लिए कोई सहयोग या कोई योजना नहीं ला रहे हैं जिसके कारण यह धंधा धीरे-धीरे विलुप्त हो रहे हैं।

गांव के सबसे वृद्ध यदुनंदन भगत कहते है कि हमारे वंशजो ने बताया था कि शेष नाग के पुंछ से पान की उत्पति हुई है। राजा दशरथ के घर में यज्ञ हो रहा था यज्ञ सफल नहीं हो रहा था आकाशवाणी हुआ कि पान का पता लाइये उसी वक़्त क्षेत्र में डुगडुगी पिटाकर घोषणा किया गया कि पान का पता जो लावेगा मनचाहा इनाम दिया जायेगा। नागवंशी, चौरसीया,जशवार, सेमरीया, तमोली, बारी के वंशज है। एक मात्र नागवंशी बंशज ने पान का पत्ता लाने के स्वीकार किया। उसने जमीन के नीचे चल गया जहां शेषनाग रहते थे वाहं घुस. कर देखा वहां अनगिनत सांप क्रिडा कर रहा है। सभी सांप इसके और दौड़ा उसने हिम्मत बनाकर बोला राजा दशरथ के द्वारा किये जा रहे यज्ञ को सफल बनाने के लिए पान चाहिए। शेषनाग सुनते ही बोले कि पोक्ष से जौ भर अंश काट लो। इसमें टूकड़ा-टूकड़ा करके नदी किनारे जहां आधार यज्ञ में देना तथा आधा भाग को जल उपलब्ध हो डाल देना.नागवंशों वैसा ही किया फिर देखा कि जहां-जहां जाये। टूकड़ा डाला वहां से पान का हरा-हरा पता निकलना शुरू हो गया। यानी यहां से पान की उत्पति हुई।

## फार्मर रजिस्ट्रेशन व ई केवाईसी के लिए जागरूकता को लेकर बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड कार्यालय के बीडीओ कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरोमा मोदी के अध्यक्षता में प्रखंड 20 सूत्री के अध्यक्ष आदित्य सिंह, दीपक शर्मा, शशिभूषण सिंह, दिव्यांशु कुमार, अमरेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि के साथ बैठक हुई.बैठक में उपस्थित लोगो क़ो बीडीओ ने बुधवार क़ो कहीं की हर पंचायत में शिविर लगाई जा रही है. जिसमे फॉर्मर रजिस्ट्रेशन तथा ई केवाईसी के लेकर लगाई जा रही शिविर में किसानों को जागरुक करते हुए ई केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने क़ो कही। बैठक में यह भी बताया गया कि सभी किसान लोगों को अपना फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कराने के लिये प्रेरित किया जाए ताकि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ भविष्य में बगैर किसी व्यवधान के किसानो का लाभ मिलता रहे। बीडीओ ने आग्रह किया कि जनप्रतिनिधि अपने-अपने पंचायत में लगायी जा रही शिविर में सहयोग करें जिससे शत प्रतिशत किसानों को लाभ मिल सके। फार्मर रजिस्ट्री सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, कृषि अनुदान, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि जैसे अन्य योजनाओं से जोड़ा जाना है। जो पीएम किसान लाभार्थी ई-केवाईसी नहीं कराते हैं, उनकी आगामी किस्त अटक सकती है।



# पिरारीडीह पंचायत में आयुष्मान कार्ड शिविर, 189 लोगों का पंजीकरण

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** कड़ाके की ठंड के बीच भी क्षेत्र के वृद्धजन एवं निर्धन परिवार स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहें, इसी करुण भावना और सेवा-संकल्प के तहत स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रेरक नेतृत्व में गुरुवार 8 जनवरी 2026 को पिरारीडीह पंचायत के पट्टीशीतल गांव में आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्थानीय शिक्षक मुन्ना सिंह के आवास पर लगाया गया, जिसमें कुल 189 पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड पंजीकरण किया गया। शिविर के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को गोल्डन आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया गया, जिससे वे निःशुल्क, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण



चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकें। विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का प्राथमिकता के आधार पर पंजीकरण किया गया, ताकि जीवन की संध्या में उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसा मिल सके। आयोजकों ने बताया कि यह शिविर केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। सांसद राजीव प्रताप रूडी का स्पष्ट संकल्प है कि प्रधानमंत्री की इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक गरीब और वृद्धजन तक, उनके घर की देहरी तक पहुंचे। इस जनसेवात्मक पहल के लिए स्थानीय नागरिकों और लाभार्थियों ने सांसद श्री रूडी के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष मोनू कुमार सिंह, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह, युवा मोर्चा के सुमंत बाबा, चंदन सिंह, अनिल सिंह निराला, पैक्स अध्यक्ष शैलेश सिंह, भाजपा महामंत्री सुजीत शर्मा, वार्ड सदस्य छोटे बाबू, मनोज कुशवाहा, सुबोध सिंह, पूर्व समिति अशोक सिंह, शुभम सिंह, कृष्णा प्रसाद, गजेंद्र शर्मा, सूरज सिंह, आशु कुमार, पिंटू सिंह, गौरशंकर सिंह, रुदल मांझी, राहुल कुमार, विकास सिंह, गंगा सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जमादार राय बने ऑल इंडिया पंचायत परिषद के नेशनल सेक्रटरी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिले के लहलादपुर प्रखंड के मुरारपुर निवासी जमादार राय को भारत सरकार के उपक्रम ऑल इंडिया पंचायत परिषद का नेशनल सेक्रटरी नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति दिल्ली के मयूर विहार में अवस्थित परिषद के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय व पूर्व सांसद सह राष्ट्रीय संरक्षक आरके सिन्हा के आदेश पर राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान ने की. श्री राय को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा गया कि वे सामाजिक व पंचायती राज के कर्मठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता हैं. उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अखिल भारतीय पंचायत परिषद के



संगठन को मजबूत करेंगे और गांधी के ग्राम स्वराज के स्वप्न को साकार करने हेतु पंचायती राज व्यवस्था के सुदृढीकरण, ग्राम विकास संबंधी कार्यों एवं परिषद द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे. श्री राय ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि परिषद नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास किया है. उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं. मुझे सौंपी गई जिम्मेदारियों को मैं पूर्ण ईमानदारी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाऊंगा. पंचायती राज के सशक्तीकरण, ग्राम स्वराज और ग्रामीण विकास के लक्ष्यों को साकार करने में अपना सर्वोत्तम योगदान देना मेरी प्राथमिकता होगी. उन्होंने अध्यक्ष और केंद्रीय टीम के सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है. बैठक में उपस्थित महामंत्री ध्यान पाल ज्ञानोद, मोहनलाल शर्मा, रामवृक्ष प्रसाद, नितिन अग्रवाल, मोहन राठौर, मदन यादव ने श्री राय को बधाई दिया.

**नेशनल सेक्रेट्री चुने जाने पर लोगों ने दी बधाइयां** - एकमा विधानसभा के विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल, पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र सोनी, उप प्रमुख मोतीलाल मांझी, राधेश्याम ब्यास,गुड्डु खान आदि ने उनको बधाई दी है।

## मातृत्व की सुरक्षा में बदलाव : हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की अब महीने में तीन बार जांच

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अगर उस दिन दोबारा जांच के लिए नहीं बुलाया जाता, तो शायद मेरी तबीयत बिगड़ती चली जाती।÷ यह कहना है छपरा सदर प्रखंड की गर्भवती महिला प्रियंका का। प्रियंका बताती हैं कि पहले वह महीने में एक बार ही गर्भावस्था की जांच कराती थीं, लेकिन प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के तहत अब महीने में तीन बार होने वाली जांच के कारण दूसरी बार जांच में उनका ब्लड प्रेशर खतरनाक स्तर पर पाया गया। डॉक्टरों ने तुरंत दवा दी और उन्हें उच्च संस्थान रेफर किया। समय रहते इलाज मिलने से आज उनकी गर्भावस्था सुरक्षित है। प्रियंका जैसी कई महिलाओं के लिए जांच की संख्या बढ़ना जीवनरक्षक साबित हो रहा है। यही वजह है कि जिले में मातृ स्वास्थ्य की तस्वीर अब तेजी से बदल रही है। मां बनना हर महिला के जीवन का सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। लेकिन गर्भावस्था के दौरान थोड़ी सी भी लापरवाही मां और शिशु-दोनों के लिए खतरा बन सकती है। इसी जोखिम को कम करने और मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) अब एक मजबूत और लाइफ सेविंग पहल के रूप में उभर कर सामने आया है। इस अभियान के तहत हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान और इलाज से न सिर्फ गर्भवती महिलाओं की जान बच रही है, बल्कि नवजात शिशुओं को भी सुरक्षित जीवन मिल रहा है।

पहले जहां गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच हर महीने सिर्फ 9 तारीख को विशेष शिविर लगाकर की जाती थी, वहीं अब स्वास्थ्य विभाग ने इसे और प्रभावी बनाते हुए हर महीने 9, 15 और 21 तारीख को विशेष शिविर आयोजित करने की व्यवस्था की है। जांच की आवृत्ति बढ़ने से गर्भावस्था के दौरान आने वाले जोखिम-जैसे उच्च रक्तचाप, खून की कमी (एनीमिया), शुगर और अन्य जटिलताओं-की पहचान समय रहते हो पा रही है।

# सोनपुर में फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं ई केवाईसी के लेकर पंचायतों में लगायी गयी शिविर

### शिविर में 155 फार्मर रजिस्ट्रेशन व 600 किसानों को ई केवाईसी हुआ

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर में फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं ई केवाईसी के लेकर पंचायत स्तर पर शिविर लगाया गया जिसमे शाहपुर, खरिका, कल्याणपुर, रसूलपुर, कसमर, परमानंदपुर, चतुरपुर, भरपुरा पंचायत में कैंप लगाया गया जिसमे कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मियों व अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया,ई केवाईसी कराने क़ो लेकर जनकारी दी तथा इसके लाभ एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी तथा मौके पर ही कई किसानों का पंजीकरण भी कराया। उक्त बात की जानकारी देते हुए कृषि पदाधिकारी अभिनव यादव ने गुरुवार को बताया कि सरकार के द्वारा किसान सम्मान निधि का रजिस्ट्रेशन का केवाईसी का सत्यापन एवं किसान फार्मर का रजिस्ट्रेशन का कैम्प 7 पंचायत में लगाया गया साथ ही अन्य पंचायत में भी शिविर लगाई जाएगी। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कुल 155 फार्मर रजिस्ट्रेशन कराया गया जबकि 600 किसानों को ई केवाईसी की गई है. अधिकारियों ने किसानों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को स -समय पर सहायता मिल सकेगी। कैंप में किसानों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई और लोगों ने बढ़-चढ़कर पंजीकरण कराया। इस अवसर पर किसान सलाहकार पंकज कुमार, श्रवण कुमार, राजीव कुमार, राजकुमार बंटी कुमार, राजस्व कर्मी अभिषेक आनंद,उपेंद्र कुमार, चंद्रदीप कुमार, कुंदन कुमार, अजय राम,ललन यादव, अमीन अशोक, सोनू,सहित



अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कर्मियों ने किसानों से अपील किया है कि जो किसान अब तक पंजीकरण से वंचित हैं, वे अपने पंचायत के राजस्व कर्मियों, कृषि सलहकार से मिलकर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी कठिनाई के लाभ मिल सके।

## बाइक देने से मना करने पर चाकू से किया हमला

**मढ़ौरा(सारण)।**थानाक्षेत्र के ओल्हनपुर में मोटरसाइकिल मांगने और देने से मना कर देने पर तीन लोगों ने मिलकर एक युवक के साथ चाकूबाजी किया। घटना को लेकर लिखित शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरु कर दी है। पीड़ित युवक अखिलेश कुमार ने कहा कि वह दयालपुर से अने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में कुणाल नट, टुनटुन कुमार व इमरान मियां ने घेर लिया तथा बाइक मांगने लगे। जब उसने बाइक देने से मना किया तो आरोपी गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान चाकू से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिए।

## बंगरा गाव में फार्मर रजिस्ट्री के लिए विशेष कैंप आयोजित

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** रामचौरा पंचायत के पंचायत भवन में गुरुवार को कृषि विभाग के तत्वाधान में फार्मर रजिस्ट्री हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया इसके लाभ एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी तथा मौके पर दर्जनों किसानों का पंजीकरण भी कराया गया। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को समय पर सहायता मिल सकेगी। कैंप में किसानों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई, और लोगों ने बढ़ चढ़कर पंजीकरण करवाया। अधिकारियों ने किसानों से अपील की की जो किसान अब तक पंजीकरण से वंचित है वह आगामी कैंप में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा लें। इस संबंध में सीओ सतीश कुमार सिंह तथा वीडिओ सत्यम सिंह ने बताया कि प्रखंड के प्रत्येक पंचायत तथा प्रत्येक गांव में यह शिविर के माध्यम से किसानों की सुविधा के लिए कैंप की जा रही है, जिससे किसान सरकारी एवं अन्य योजनाओं से वंचित नहीं हो सके।

## स्व. भृगुनाथ दुबे की 23वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड के महम्मदपुर गांव में द्वारिका दुबे मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक विनय कुमार दुबे द्वारा अपने पिता स्व. भृगुनाथ दुबे की 23वीं पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। विनय कुमार दुबे पटना डाकघर के उप मुख्य डाकपाल भी हैं। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा के साथ-साथ कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एकमा के जदयू विधायक पुत्र संयोग सिंह उर्फ हनु सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. भृगुनाथ दुबे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शैलेंद्र उपाध्याय, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुदामा तिवारी, पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि सुधाकर मिश्रा, मटियार पंचायत के पैक्स अध्यक्ष धनंजय ठाकुर, भलुआ पंचायत के मुखिया दीपक मिश्रा, पूर्व मुखिया पति शंभू प्रसाद, हसनैन अंसारी व राजकुमार दुबे, शैलेश कुमार दुबे, विकास कुमार दुबे, संजय उपाध्याय, रविशंकर तिवारी और अवधेश तिवारी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। आयोजको द्वारा सभी गणमान्य को अंग वस्त्र व मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

## किसानों की समस्याओं एवं समुचित विकास के लिए डीएम सारण से मिले भाजपा के युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल

दैनिक खोज खबर/छपरा।विभिन्न जनसमस्याओं एवं जिले में चल रहे विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से सारण जिलाधिकारी से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल ने भेंट कीं। उन्होंने बताया कि जिले के शैक्षणिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, किसानों को फसल क्षति का अनुदान देने एवं विभिन्न प्रखंडों में खेल संरचना को बेहतर करने आदि मुद्दों को लेकर नवनियुक्त जिलाधिकारी से सार्थक वार्तालाप हुई। उल्लेखनीय है कि जिले के विकास हेतु चलाये जा रहे विभिन्न बड़े प्रोजेक्ट को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने तथा प्राथमिकता के आधार पर इस कार्य को पूरा कराने के लिए उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार द्वारा जनसरोकार से जुड़े विकास कार्यों को तीव्र गति से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है ऐसे में इससे और बेहतर करने का प्रयास होना चाहिए। किसानों को फसल क्षति का अनुदान अभी लंबित है जिसे पूर्ण करना आवश्यक है। ज्ञात हो जिले में हुई भारी बारिस के कारण निचले इलाके में जलजमाव के कारण किसानों के खेतों में रबी फसल की बोआई नही हो सकी है। उन्हें अब तक कोई सरकारी सहायता उपलब्ध नही हो पाया है,वही उन्होंने किसानों के कई अन्य समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया।



## कागज का बंडल थमा कर महिला से 40 हजार ले उड़े उचक्के

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के तरैया बाजार स्थित एसबीआई बैंक से रुपये निकासी कर निकल रही एक महिला से उचक्कों ने 40 हजार रुपए की ठगी कर फरार हो गए। पीड़ित महिला फरीदनपुर गांव निवासी रामनारायण साह की पत्नी चंद्रावती देवी बताई गई है। जो कि अपनी बेटी की शादी के लिए गुरुवार को बैंक से पैसे निकालने गई थी, तभी दो युवकों ने महिला को झांसे में लेकर उसे कागज का बंडल थमा कर निकासी किए गए उसके रुपए लेकर चंपत हो गए। पीड़ित महिला ने बताया कि वह अपनी बेटी की शादी के खर्च के लिए बैंक से रुपये निकालने के लिए आई थीं। बैंक के अंदर एक युवक ने उनसे संपर्क किया और निकासी फॉर्म भरने में मदद की। जब वे कैश काउंटर से 40 हजार रुपए निकाल कर निकलने लगी, तो वही युवक एक अन्य व्यक्ति के साथ उनके पास आया और महिला को बताया कि दूसरा व्यक्ति एक कंपनी से सात लाख रुपए लेकर भागा है और उसके पास बैंक खाता नहीं है कि वह यह राशि अपने खाते में जमा कर ले और बदले में 40 हजार रुपए दूसरे युवक को दे दे। इसी दौरान, युवकों ने चालाकी से उन्हें अपने झांसे में ले लिया और कागज का बंडल थमा दिया और 40 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन कर रही हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, छपरा में अरुणोदय पत्रिका का हुआ विमोचन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर, छपरा में आज लोक शिक्षा समिति, बिहार द्वारा प्रकाशित अरुणोदय पत्रिका का विमोचन विद्यालय के प्रधानाचार्य बिनोद कुमार के साथ विद्यालय के सभी आचार्य बंधु ,भगिनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य बिनोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अरुणोदय पत्रिका का प्रकाशन लोक शिक्षा समिति, बिहार द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। यह पत्रिका सम्पूर्ण उत्तर बिहार प्रांत के विभिन्न सरस्वती शिशु/विद्या मंदिरों में संचालित शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का सजीव दस्तावेज है। उन्होंने बताया कि यह पत्रिका विद्यार्थियों में संस्कार, सृजनशीलता, राष्ट्रबोध एवम् बौद्धिकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।पत्रिका में विविध कार्यक्रमों से संबंधित महत्वपूर्ण गतिविधियों,प्रेरणादायक लेखों, उपलब्धियों एवं तस्वीरों का समावेश किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इस पत्रिका के माध्यम से प्रांतीय अधिकारी, प्रधानाचार्य, आचार्य तथा भैया-बहन अपने विचार, अनुभव एवं रचनात्मक लेखन को अभिव्यक्त करते हैं, जिससे आचार्य बंधु, भगिनी एवं भैया बहनों के लिए एक शैक्षणिक मंच मिल जाता है।

# छपरा मेडिकल कॉलेज का पहला स्थापना दिवस मनाया गया



**दैनिक खोज खबर/ छपरा (सारण)।** छपरा मेडिकल कॉलेज का पहला स्थापना दिवस मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सारण प्रमंडलीय आयुक्त मनीष कुमार तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छपरा के सिविल सर्जन, जेपी यूनिवर्सिटी एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य सहित अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमंडलीय आयुक्त मनीष कुमार एवं जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात नर्सिंग छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। इस मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त मनीष कुमार ने सभी चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों से पूरी लगन, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील की। वहीं जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि छपरा मेडिकल कॉलेज को भविष्य में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाए, ताकि शीघ्र मेडिकल की पढ़ाई शुरू हो सके और आम लोगों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

मेडिकल कॉलेज के सुपरिटेंडेंट सह प्राचार्य डॉ. सीपी जयसवाल ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर पैथोलॉजी एवं फिजियोथेरेपी विभाग की कुछ विशेष सुविधाओं का उद्घाटन किया गया है। इनमें सेक्सुअल असॉल्ट एविडेंस कलेक्शन, 84 प्रकार के पैथोलॉजिकल रूटीन टेस्ट तथा फिजियोथेरेपी के आधुनिक प्रोफेशनल टूल्स शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में 16 मेडिकल एवं 17 पारा मेडिकल स्टाफ तथा 6 लिपिक कार्यरत हैं, जिनके सहयोग से ओपीडी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। हालांकि ओटी, ब्लड बैंक एवं ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी इंडोर सेवाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। मेडिकल छात्रों के नामांकन को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब मे डॉ. जयसवाल ने कहा कि इस दिशा में प्रयास जारी है और जल्द ही नामांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि 26 जनवरी तक एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी बहाल हो जाएगी। कॉलेज की कुल आवश्यक कार्यबल पर उन्होंने बताया कि मेडिकल एवं नॉन मेडिकल मिलाकर 300 से अधिक स्टाफ की आवश्यकता है, जिसके बाद ही संस्थान पूरी क्षमता के साथ कार्य कर सकेगा।

### स्थापना के एक साल बाद भी कॉलेज में सीमित सुविधाएं, किसानों में नाराजगी

छपरा मेडिकल कॉलेज का पहला स्थापना दिवस जहां धूमधाम से मनाया गया, वहीं दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज की स्थापना को एक वर्ष बीत जाने के बावजूद पूर्ण चिकित्सा सेवाएं शुरू नहीं होने से स्थानीय किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। शेरपुर घेघटा रौजा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की लगभग ढाई सौ एकड़ भूमि सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज के लिए अधिग्रहित की गई थी, लेकिन आज भी यहां चिकित्सा सेवा के नाम पर केवल ओपीडी और परामर्श की सुविधा ही उपलब्ध है। किसानों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ ही अब तक इमरजेंसी एवं इंडोर सेवाएं शुरू हो जानी चाहिए थीं, लेकिन एक साल बीत जाने के बावजूद यह संभव नहीं हो सका है। इससे क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अब भी बाहर के अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थानीय किसान सत्येन्द्र सिंह, गोपाल राय, अर्जुन सिंह और मृत्युंजय सिंह ने बताया कि सरकार ने उनकी जमीन औने-पौने दाम पर अधिग्रहित कर ली, जिससे वे आज आर्थिक तंगी और बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जमीन जाने के बाद उनके परिवार के सदस्यों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है और कई परिवार विस्थापन जैसी स्थिति में जीवन जीने को मजबूर हैं। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि यदि सरकार मेडिकल कॉलेज में उनकी योग्यता के अनुसार उनके बच्चों को रोजगार उपलब्ध करा देती, तो उनकी स्थिति इतनी दयनीय नहीं होती। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रभावित किसानों और उनके परिवारों के लिए प्राथमिकता के आधार पर रोजगार अथवा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उनका जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक बन सके।

## डबल डेकर परियोजना के कार्य प्रगति हुई समीक्षा

### डीएम ने मुआवजा भुगतान, अवरोधी संरचना हटाने एवं अतिक्रमण हटाने का दिए स्पष्ट निर्देश

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** गुरूवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आज छपरा डबल डेकर परियोजना के कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की।इस परियोजना में किये गए भू-अर्जन के तहत मुआवजा भुगतान हेतु शेष रैयतों की एक-एक कर कारण सहित समीक्षा की गई। मुआवजा भुगतान हेतु शेष सभी रैयतों को त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। जहाँ पारिवारिक आपसी सहमति नहीं होने के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं हो सका है, ऐसे मामलों को सुनवाई हेतु लारा कोर्ट में भेजते हुये मुआवजे की राशि भी कोर्ट में जमा कराने का निर्देश दिया गया। निर्माण कार्य में अवरोधी सभी संरचनाओं को अविलंब हटाने के लिये कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी अवरोधी अतिक्रमण को अविलंब हटाते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश पुल निर्माण निगम के परियोजना निदेशक को दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्त्ता विधि व्यवस्था, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, परियोजना निदेशक पुल निर्माण निगम, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सदर छपरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित कृषि अकाउंटेंट की पटना में इलाज के दौरान मौत, घर में पसरा मातम

### बनियापुर कृषि कार्यालय में पोस्टेड थी मृतिका, गत आठ नौ माह से बंद था वेतन



**दैनिक खोज खबर/ नगरा/बनियापुर (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के बसवरिया टोला निवासी एवं बनियापुर प्रखंड कृषि विभाग में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत रीना कुमारी की असामयिक मौत ने प्रशासनिक व्यवस्था तथा कर्मियों की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.मृतिका रीना कुमारी की उम्र लगभग 31 वर्ष बताई जा रही है.वह वर्ष 2020 से बनियापुर कृषि विभाग में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थीं.परिजनों के अनुसार रीना कुमारी बीते कई महीनों से ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थीं और उनका इलाज पटना के एक निजी अस्पताल में चल रहा था. इलाज के दौरान आर्थिक तंगी सबसे बड़ी बाधा बनकर सामने आई.बताया गया कि मार्चङ्कअप्रैल से उनका मानदेय बंद था और लगभग नौ से दस महीने से उन्हें वेतन नहीं मिला था,जिसके कारण समय पर समुचित और निरंतर इलाज संभव नहीं हो सका.रीना कुमारी अपने पीछे दो मासूम बच्चों को छोड़ गई हैं.उनकी 12 वर्षीय बेटी अलिसा कुमारी और 5 वर्षीय बेटा गगन कुमार है. पति राजकुमार मांझी पर अब पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई है.पत्नी की लंबी बीमारी और इलाज के दौरान आई आर्थिक परेशानियों ने परिवार को पूरी तरह से तोड़कर रख दिया है.पति राजकुमार मांझी का कहना है कि यदि समय पर मानदेय का भुगतान होता और सरकारी स्तर पर इलाज में सहयोग मिलता, तो संभवतः रीना कुमारी की जान बचाई जा सकती थी काई माह से वेतन बंद था जिसके वजह से ठीक से इलाज नहीं हो पाया है पैसे के अभाव में ,अगर विभाग समय से वेतन देता तो आज जान बच सकती थी ,साथ ही उन्होंने विभागीय उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि कर्मियों के साथ यह रवैया बेहद अमानवीय है.इस घटना के बाद के मानदेय भुगतान, गंभीर बीमारी की स्थिति में सहायता व्यवस्था और विभागीय जवाबदेही को लेकर सवाल उठने लगे हैं.मृतिका की मौत के बाद गांव में शोक का माहौल है.



## सीवान : नए संशोधन के बाद स्वर्ण व्यवसायी राहत महसूस करेंगे

**परवेज अख्तर/सीवान।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ द्वारा गुरुवार को शहर के होटल सफायर इन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता भारतीय कानून दंड संहिता धारा 411 व 412 में किए गए राज्य स्तरीय संशोधन के संबंध में किये गए बदलाव के बारे में बातें कही गई । इस दौरान अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष रुपेश सर्राफ ने कहा कि स्वर्णकार समाज वैश्य बिरादरी का एक अभिन्न, प्रमुख और मजबूत स्तंभ है। इस कानून में आए इस नए संशोधन के बाद स्वर्ण व्यवसायी निश्चित तौर पर राहत महसूस करेंगे, क्योंकि इसके पूर्व में इस कानून के आड़ में कई तरह के भ्रष्टाचार और दुराचार किए जाते रहे हैं। अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व पार्षद सह भाजपा नेता सत्यम भारतीय ने कहा कि कानून को संशोधित करने की लड़ाई हमारा समाज तथा स्वर्णकार संघ कई दशकों से लड़ रहा था। अंततः महाराष्ट्र के बाद बिहार दूसरा राज्य है जिसने इस कानून में संशोधन किया गया है। पहले इस कानून के तहत कोई भी पुलिस पदाधिकारी बिना किसी सबूत केवल शक के आधार पर किसी भी सर्राफा व स्वर्ण व्यवसायी को जिस प्रकार चोरी का माल खरीदने के आरोप में प्रताड़ित करते थे अब नए कानून के तहत जिला के एसपी और डीएसपी रैंक के अधिकारी को ही अधिकार होगा कि इस तरह के मामलों देख सके तथा अब इस पूरे जांच के क्रम में वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया गया है । अ स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष आनंद सोनी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आने वाले समय में हम समाज को संगठित करने तथा सिवान के स्वर्णकार संघ के परिवार को बड़ा करने के लिए बहुत जल्द नए पदाधिकारी की घोषणा करेंगे।

## सिवान का शातिर वाहन चोर यूपी से गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के एक शातिर वाहन चोर को यूपी के श्रीरामपुर पुलिस टीम गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से टीम ने पांच बाइक, पांच मास्टर चाभी व दो फर्जी नंबर प्लेट को बरामद किया है। गिरफ्तार मैरवा थाना क्षेत्र के मोती छापर निवासी प्रकाश कुमार रंजन है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष डा. महेंद्र कुमार थाना श्रीरामपुर देवरिया द्वारा गठित पुलिस टीम के द्वारा सात जनवरी को सिकटिया अंग्रेजी शराब भट्टी के पास संदिग्ध वाहन की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिसकी निशानदेही पर चोरी की चार अन्य बाइक को बरामद किया गया। इस प्रकार थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी की पांच बाइक, पांच मास्टर चाभियां व दो फर्जी नंबर प्लेट के साथ अभियुक्त मैरवा थाना क्षेत्र के मोती छापर निवासी प्रकाश कुमार रंजन को गिरफ्तार किया गया।

## जनता दरबार में एसपी ने की 25 मामलों की सुनवाई

**परवेज अख्तर/सीवान।**पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी द्वारा समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय प्रकोष्ठ में गुरुवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने आए लोगों की फरियादें सुनीं। इस दौरान मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए कुल 25 फरियादियों की फरियाद सुनी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक क्रियार्थ हेतु संबंधित थाना अध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## मारपीट का फरार आरोपित गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सराय परौली तिवारी टोला गांव में हुई मारपीट के एक मामले में पुलिस ने एक फरार आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित पर सराय परौली तिवारी टोला निवासी मनु तिवारी है। ज्ञात हो कि इस कांड में कुल नौ लोगों को आरोपित किया गया था। इसमें तीन लोगों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दी है, जबकि पुलिस ने गुरुवार को चौथे गिरफ्तार आरोपित को जेल भेज दी है। बताते हैं कि गिरफ्तार आरोपित मनु तिवारी पर हत्या की नीयत से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का संगीन धारा के तहत प्राथमिकी की गई है।

## लावारिस हालत में मारुति भान को पुलिस ने किया बरामद

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के चक्रवृद्धि गांव के समीप भगवानपुर-मोरा मुख्य पथ के किनारे से पुलिस ने गुरुवार को एक लावारिस हालत में एक मारुति इको भान को बरामद कर थाना लाई है। लावारिस स्थिति में खड़ी वाहन की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी थी। सूचना पर एएसआइ राजेश चौहान ने उसे पुलिस गाड़ी के सहयोग से खिंचवाकर थाना लाई। वैसे पुलिस अभी इस वाहन के बारे में कुछ भी बताने से इन्कार कर रही है। वैसे पुलिस इसे कई दृष्टिकोण से इसकी जांच में जुटी हुई है। इको भान पर नंबर प्लेट नहीं है।

## समस्तीपुर से अपहृत नाबालिग को जलालपुर से किया बरामद

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के जलालपुर से समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाने व स्थानीय थाने की संयुक्त छापेमारी में बुधवार को पुलिस ने अपहृता को बरामद कर लिया। वहीं मामले का आरोपित पुलिस के आने की भनक लगते ही फरार हो गया। स्थानीय पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। बरामदगी के बाद उजियारपुर से पुलिस पदाधिकारी पुष्पा कुमारी के नेतृत्व में आई टीम बच्ची को अपने साथ लेकर चली गई।

## ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**महाराजगंज (सिवान)।** रूट केयर फाउंडेशन 10 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में गुरुवार को शहर के विभिन्न महादलित बस्ती में कंबल व गर्म कपड़े का वितरण किया। सदस्य कादिर अहमद ने बताया कि महाराजगंज स्टेशन के सामने महादलित बस्ती तथा बोर्ड मिडिल स्कूल के सामने महादलित बस्ती में करीब दौ सौ लोगों के बीच कंबल, ऊनी कपड़ों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि महाराजगंज- दारौंदा प्रखंड के अन्य गांवों में ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वजीत गुप्ता, अंजलि पुष्कर, कविता कुमारी आदि उपस्थित थे।

# योजना के तहत सौ दिनों के बजाय 125 दिनों तक रोजगार देने का है प्रावधान




**परवेज अख्तर/सीवान।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री सह कुम्हारार विधायक संजय गुप्ता ने गुरुवार को परिसदन में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'जी राम जी' (विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन) को गांवों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया। कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गांवों को समृद्ध और सशक्त बनाना अनिवार्य है, और यही इस योजना का मूल उद्देश्य है। कहा कि 'जी राम जी' योजना पारदर्शिता, तकनीक और जवाबदेही पर आधारित है। यह योजना केवल रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण युवाओं को कुशलता, आजीविका, एमएसएमई और आत्मनिर्भरता से जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने पूर्व की मनरेगा योजना का जिक्र करते हुए कहा कि भले ही वह अच्छी योजना थी, लेकिन उसमें व्यापक भ्रष्टाचार और भुगतान में देरी जैसी समस्याएं थीं। 'जी राम जी' योजना में इन कमियों को दूर किया गया है। इस अवसर पर भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता रामराज्य यादव, विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, अनुराधा गुप्ता, राजेश कुमार श्रीवास्तवा, देवेंद्र गुप्ता, चंद्र विजय प्रकाश उर्फ हैप्पी यादव, पूनम गिरि आदि उपस्थित थे।

## सिवान जंक्शन होकर गुजरने वाली पांच ट्रेनें निरस्त

**परवेज अख्तर/सीवान।** ठंड की वजह से ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो गई है। इस कारण ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। ट्रेनों की देरी से चलने के कारण यात्रा शुरू करने और समाप्त करने वाले यात्रियों को जंक्शन पर ठंड में घंटों ठिठुरना पड़ रहा है। आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां घंटों विलंब से जंक्शन पहुंची। गुरुवार को वैशाली सुपरफास्ट सहित कई ट्रेनें दो से दस घंटे लेट चलीं। वहीं जंक्शन होकर गुजरने वाली करीब पांच ट्रेनें निरस्त रही। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल 26 घंटे 30 मिनट, 15566 वैशाली एक्सप्रेस पांच घंटे बीस मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल चार घंटे 43 मिनट, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल दो घंटे 15 मिनट, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल सात घंटे 43 मिनट, 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस एक घंटे 44 मिनट, 12566 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस एक घंटे 55 मिनट, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल सात घंटे 30 मिनट, 13019 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे तीस मिनट, 13020 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे, 15110 मथुरा-छपरा एक्सप्रेस दो घंटे 41 मिनट, 15909 अवध असम एक्सप्रेस एक घंटे 41 मिनट के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी विलंब से चलीं। जिसे यात्रियों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ा।

## सीवान : जयंती पर रक्तदान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**परवेज अख्तर/सीवान।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी की जयंती के उपलक्ष्य पर गुरुवार को सदर अस्पताल में रक्तदान का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दर्जनों युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में कुम्हारार के विधायक सह भाजपा के प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता ने कहा कि पार्टी द्वारा सुशील मोदी की जयंती को एक सप्ताह तक अलग-अलग सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। कहा कि सुशील मोदी बिहार के उन नेताओं में से थे जिन्होंने न केवल राजनीतिक क्षेत्र में मजबूत पहचान बनाई बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी गहरा जुड़ाव रखें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि सुशील मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संयुक्त नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार में सुशासन का एक ऐसा माडल स्थापित किया जिसकी चर्चा आज भी होती है। सुशील कुमार मोदी ने बिहार को वित्त मामलों में एक नए आयाम तक पहुंचाया। दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने कहा कि सुशील मोदी ऐसे नेता थे की 90 के दौर में जब बिहार में कहीं भी नरसंहार या अपहरण होते थे तो सबसे पहले पहुंच कर जनता का दुख दर्द बांटने का काम करते थे। जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष सह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि सुशील मोदी के लंबे लड़ाई की वजह से बिहार में चारा घोटाला जैसे मामलों में घोटाला करने वाले लोग जेल के सलाखों के पीछे गए। कार्यक्रम में सुमित कुमार, मोहम्मद अशरफ, अर्जुन सिंह, निखिल चंदेल, अमनदीप वर्मा, मुन्ना अली इत्यादि लोगों ने रक्तदान किया। वहीं पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र गुप्ता, सत्यम सिंह, चंद्र विजय प्रकाश उर्फ हैप्पी यादव, धनंजय सिंह, मुकेश कुमार बंटी, राजेश श्रीवास्तव, हरेंद्र कुशवाहा, अनुराधा गुप्ता, सुभाष कुशवाहा, आदि लोग मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन मेडिकल कालेज समेत कई स्कूल व अस्पताल का डीएम ने किया निरीक्षण

**मैरवा (सिवान)।** जिलाधिकारी ने गुरुवार को मैरवा के भोपतपुरा में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज समेत प्रखंड के कई विद्यालयों और सामुदायिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जहां गड़बड़ी देखी वहां संबंधित पदाधिकारी व कर्मचारी को फटकार लगाते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय मेडिकल कालेज व अस्पताल के निर्माण कार्य जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने और सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। डीएम इसके बाद प्राथमिक विद्यालय भोपतपुरा, हरिराम उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज मैरवा और आदर्श मध्य विद्यालय मैरवा पहुंचे और विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर को दिखा। इस दौरान वे सामुदायिक अस्पताल भी पहुंचे। वहां अस्पताल प्रवेश के सामने वाहन खड़ी देख नाराजगी जताते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. रवि प्रकाश से पूछा कि यहां वाहन कैसे खड़ी है। यह तो मरीजों के आने-जाने की जगह है। उन्होंने वाहन को हटाने का निर्देश भी दिया। इसके बाद पास स्थित एएनएम कालेज पहुंचे। वहां भी एक बस खड़ी थी। उसे भी हटाने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मैरवा में निर्माण हो रहे मेडिकल कलेज व हॉस्पिटल बिहार सरकार और स्वास्थ्य विभाग का एक बड़ा प्रोजेक्ट है। इससे इस क्षेत्र की सूरत बदलेगी। समय-समय पर इसका निरीक्षण किया जाना है ताकि एजेंसी को या बीएमसीएल को इस निर्माण कार्य के दौरान कोई कठिनाई आती है तो उसका समाधान किया जा सके। मेडिकल कालेज व हास्पिटल के ओपीडी को चालू करने और मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम के बारे में पूछने पर कहा कि अभी कोई जानकारी नहीं है। एक दिन पूर्व कोड़रा में 220 केवीए का पावर ग्रिड निर्माण के लिए चिह्नित भूमि के निरीक्षण से संदर्भ में उन्होंने बताया कि मैरवा का ग्रिड 40 साल पुराना है।

### लार में पचलखी के दो पशु-तस्कर गिरफ्तार

सिवान। लार थाना क्षेत्र के रावतपर रघेन गांव के पास से पुलिस ने एक पिकअप से चार पशुओं को बरामद करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें दो तस्कर सिवान के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार यूपी पुलिस को सूचना मिली थी कि पशुओं को बिहार के रास्ते बंगाल भेजा जा रहा है। इसके बाद छापामारी की गई तो चार पशुओं को एक पिकअप से बरामद किया गया। इसमें सिवान के रहने वाले दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार पशु तस्करों में नौतन थाना क्षेत्र के पचलखी गांव निवासी जशुराम और श्याम बहादुर यादव है।

# माडल अस्पताल में हार्ट सर्जरी के डाक्टर नहीं, गंभीर मरीजों को किया जाता है रेफर

### इलाज के लिए जाना पड़ता है पटना या अन्य उच्च स्वास्थ्य संस्थान में

**परवेज अख्तर/सीवान।** सदर अस्पताल को माडल अस्पताल का दर्जा तो मिल गया है। लेकिन अस्पताल में एक भी हृदय रोग विशेषज्ञ सर्जन नहीं हैं। यहीं नहीं पूरे जिले के किसी भी सरकारी अस्पताल में हार्ट सर्जरी की सुविधा नहीं है। ऐसे में मरीजों को सिर्फ प्राथमिक इलाज ही मिल पाता है। हार्ट ब्लाकेज या आपरेशन की जरूरत होने पर उन्हें पटना या फिर अन्य किसी उच्च स्वास्थ्य संस्थान में रेफर कर दिया जाता है। जबकि माडल अस्पताल में कई आधुनिक उपकरण भी लगाए गए हैं, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से मरीजों व उनके स्वजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता हे। वहीं पटना रेफर किए गए मरीजों को आसानी से बेड नहीं मिल पाता है। ऐसे में मजबूर होकर उन्हें बड़े निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। बाइपास सर्जरी के लिए मोटी रकम चुकानी पड़ती है। आम परिवारों के लिए यह संभव नहीं होता। बहुत कम अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत हृदय रोग का आपरेशन होता है। ऐसे में गरीब परिवार इलाज कराने में असमर्थ रहते हैं। जबकि फिजिशियन डाक्टरों की मानें तो जिन लोगों को उच्च कोलेस्ट्राल, बीपी, डायबिटीज, मोटापा या हृदय रोग का पारिवारिक इतिहास हो, उन्हें 40 साल की उम्र के बाद नियमित जांच करानी चाहिए। लक्षण दिखने से पहले टू डी ईको और टीएमटी जैसी जांच हार्ट ब्लाकेज का पता लगाने में मदद कर सकती है। अगर सीने में कुछ समय के लिए दर्द हो या सूई चुभने जैसा महसूस हो, तो यह हार्ट अटैक का संकेत नहीं होता। यह अन्य कारणों से भी हो सकता है। किसी भी तरह का सीने में अगर दर्द हो तो डाक्टर की सलाह अवश्य लें।

**कहते हैं अधीक्षक :**माडल अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ सर्जन नहीं है। हृदय रोग की सर्जरी की सुविधा सिर्फ मेडिकल कालेजों में होती है। इसलिए सदर अस्पताल में यह सुविधा नहीं दी गई है। इसके लिए हृदय रोग के आपरेशन के लिए लैब व बहुत सारे अन्य संसाधन भी चाहिए, जो अभी सदर अस्पताल में संभव नहीं है।

**डा. अनिल कुमार सिंह, अधीक्षक, सदर अस्पताल-**

## गया में तैनात सीआरपीएफ जवान की मौत

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पड़रिया निवासी सह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान 57 वर्षीय मुन्ना पांडेय का लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया। वे काफी समय से बीमारी से जूझ रहे थे। वे पटना के पारस अस्पताल में भर्ती थे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जो गया में तैनात थे। स्वजनों के अनुसार, मुन्ना पांडेय पिछले कई महीनों से स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थे। कठिन ड्यूटी और तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही थी। अस्पताल में डाक्टरों ने पूरी कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। गुरुवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पडरिया पहुंचा, जहां हजारों की संख्या में ग्रामीण और स्वजन एकत्र हुए। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। सीआरपीएफ के साथी जवानों ने गार्ड आफ आनर देते हुए उन्हें अंतिम सलामी दी। गांव वालों ने बताया कि मुन्ना पांडेय एक मेहनती और देशभक्त जवान थे, जिन्होंने राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित किया। सीआरपीएफ अधिकारियों ने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। देश की रक्षा करने वाले जवानों की सेवा और बलिदान को याद करते हुए लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।




## मोबाइल फारेंसिक लैब वाहन से जिले में साक्ष्य आधारित पुलिसिंग शुरू, 19 प्रकार के जांच किट से लैस है वाहन

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में अपराध करने वाले बदमाशों की अब खैर नहीं है। मोबाइल फारेंसिक लैब वाहन से जिले में साक्ष्य आधारित पुलिसिंग शुरू कर दी गई है। इससे अपराध अनुसंधान को मजबूत करने व दोषियों को सजा दिलाने में काफी मदद मिल सकेगी। अपराध करके अब बदमाशों का बच पाना मुश्किल होगा। यह वैन फारेंसिक एक्सपर्ट के अधीनस्थ पुलिस लाइन से काम करेगी। इससे घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलित किया जा सकेगा, ताकि जांच में देरी न हो और सबूत सुरक्षित रह सके। वहीं न्यायालय में बदमाशों के विरूद्ध इन साक्ष्यों को प्रस्तुत कर उन्हें ससमय कड़ी सजा दिलाई जा सकेगी। गौरतलब हो कि कुछ हीं दिनों पूर्व सूबे के मुख्यमंत्री सीएम नीतीश कुमार ने सिवान सहित 34 मोबाइल फारेंसिक लैब वाहन को हरी झंडी दिखाकर सूबे में फारेंसिक सुविधाओं का विस्तार किया था। इनमें से एक वाहन सिवान जिला को भी मिली है। जल्द ही जिले में फारेंसिक लैब का कार्यालय भी खोला जाएगा। इससे साक्ष्यों का संकलन व जांच बेहद सरल हो पाएगा।

**19 प्रकार के जांच किट से लैस है वाहन :**मोबाइल फारेंसिक लैब वैन 19 प्रकार के बायोलाजिकल व केमिकल किट से लैस है। मिली जानकारी अनुसार वाहन में फिंगरप्रिंट किट (पाउडर, ब्रश, लिफ्टिंग टेप), फिंगरप्रिंट स्कैनर व कैमरा, डीएनए सैंपल कलेक्शन किट (स्वैब, ट्यूब), खून व जैविक साक्ष्य पहचान किट व सेरोलाजी किट (खून, वीर्य, लार की प्रारंभिक जांच) आदि शामिल हैं। वैन में लगे हाई-रेजोल्यूशन कैमरा व वीडियो कैमरा, ट्राइपाड, स्केल, माप पट्टी, क्राइम सीन मार्कर (नंबर कार्ड) व लैपटाप (डेटा इंट्री, रिपोर्टिंग) दस्तावेजीकरण व रिकार्डिंग में सक्षम हैं। रसायनिक व भौतिक जांच के लिए इसमें नारकोटिक्स ड्रग टेस्ट किट, विस्फोटक अवशेष पहचान किट, आगजनी (फायर) जांच किट, मिट्टी, पेंट, फाइबर संग्रह किट तथा सुरक्षा व संरक्षण हेतु पीपीई किट (दस्ताने, मास्क, कवरआल, एविडेंस बैग), स्टेराइल कंटेनर व डीप व डीप फ्रीजर कूल बाक्स (नमूनों के संरक्षण हेतु) भी उपलब्ध हैं। सहायक उपकरणों के तौर पर इसमें पोर्टेबल लाइट व यूवी लाइट, पोर्टेबल जेनसेट व इंवर्टर, बैटरी, जीपीएस और संचार उपकरण तथा फर्स्ट-एड किट मौजूद हैं।

### कहते हैं एसपी :

जिले में साक्ष्य आधारित पुलिसिंग शुरू कर दी गई है। मोबाइल फारेंसिक लैब वाहन साक्ष्य संकलन, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान व दोषियों को सजा दिलाने में मददगार साबित होगा। इसमें 19 प्रकार के किट हैं, जिससे साक्ष्य संकलित करना आसान होगा।

**मनोज कुमार तिवारी, पुलिस अधीक्षक, सिवान**